तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025



10 बिरनपुर मामले की सीबीआई चार्जशीट...





12 हाईवे जाम, हाथियों के दल ने रोका रास्ता विभाग के...







**आवश्यकता है**

कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये

- सेल्समेन-सेल्सगर्ल
- कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
- लेडिस स्टॉफ

आकर्षक वेतन दिया जाएगा

**काका होजियरी**

गंज रोड, नवापारा (राजिम)

फोन : 9893744470


# खरीदी से पूर्व ओडिशा से धान की अवैध आमद, देवभोग अंचल में तस्कर सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू होने में भले ही अभी वक्त हो, लेकिन इससे पहले ही ओड़िशा से अवैध धान की आमद काफी तेज हो गई है। देवभोग-अम्लीपदर क्षेत्र में रोजाना पिकअप और बड़े वाहनों के जरिए भारी मात्रा में ओड़िशा का धान लाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, खुटगांव चेकपोस्ट से होकर धान से भरे ये वाहन लगातार छत्तीसगढ़ की सीमा पार कर रहे हैं। इस अवैध धान को स्थानीय गोदामों और कारोबारियों के पास जमा किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होते ही इसे स्थानीय किसानों के नाम पर बेचकर अनुचित लाभ कमाना है।

## तस्करों के लिए आसान सीमावर्ती रास्ते

जिले के कई गांव ओड़िशा बॉर्डर से सटे हुए हैं, जिससे तस्करों को अवैध परिवहन में कोई बड़ी बाधा नहीं आ रही है। सीमावर्ती गांव जैसे खुटगांव, केंदूवन, अम्लीपदर, तेतलखुटी, कैंटपदर, खोखसरा, उसरीपानी, उरमाल, फलसापारा, भतराबहली, भरवामुड़ा, नागलड़ीही और धूपकोट में रात के समय धान से भरे वाहनों की आवाजाही आम बात हो गई है। जानकारों का कहना है कि यह अवैध गतिविधि न सिर्फ स्थानीय किसानों के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है, बल्कि राज्य सरकार की धान खरीदी व्यवस्था को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है।

**सीमावर्ती इलाकों से रोजाना धान से भरे वाहन पहुंच रहे छत्तीसगढ़**





**प्रशासन से सघन निगरानी की मांग**

कृषि विशेषज्ञों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस अंतरराज्यीय धान तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है। उनकी प्रमुख मांगे हैं। सीमावर्ती चेकपोस्ट पर 24 घंटे की सघन निगरानी। खाद्य विभाग और राजस्व अमले की संयुक्त जांच। स्थानीय स्तर पर गोदामों और कारोबारियों के ठिकानों की नियमित जांच। स्थानीय किसानों का कहना है, अगर बाहर का धान यहां खरीदा जाएगा, तो हमारे खेतों की मेहनत बेकार जाएगी। शासन को इस तस्करी पर सख्ती करनी चाहिए।

# अवैध मुरुम उत्खनन में संलिप्त 5 हाईवा और चेनमाउंटेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



नगर पालिका क्षेत्र अभनपुर बेलभाठा के समीप अवैध मुरूम उत्खनन की शिकायत पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के नेतृत्व मे राखी थाना पुलिस व अभनपुर पुलिस 4 अक्टूबर रात 2 बजे के करीब घेराबंदी कर मुरूम उत्खनन कर रही चैन माउटेन मशीन व मुरूम परिवहन मे लगी 5 हाईवा वाहन को जप्त कर वाहन मालिको के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस की घेराबंदी की भनक लगते ही हाईवा चालक व जेसीबी ऑपरेटर मौके से भाग निकले,हाईवा को मिस्त्री के माध्यम से डायरेक्ट चालू कर थाना मे लाया गया,वाहन चालक के फरार होने से अवैध मुरूम चोरी करने वाले हाईवा क्रंमाक सीजी 04 पीके 3888,सीजी 04 जेडी 7701,सीजी 04 पीएल 2212,सीजी 04 एम 4161,सीजी 04 एनएस 4655 एवं चैन माउटेन मशीन क्रंमाक एसवाय 215सी/9एलसी को जप्त क र वाहन मालिको के खिलाफ अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है । ज्ञात हो कि नगर पालिका क्षेत्र अभनपुर बेलभाठा के समीप विभिन्न विकास कार्यो के लिए आरक्षित समतल बेशकीमती भूमि को मुरूम माफियाओ द्वारा कई महीनो से अवैध उत्खनन किया जा रहा है इस संबंध मे विधायक इन्द्रकुमार साहू एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि इस महत्वपूर्ण स्थान पर हो रहे उत्खनन की शिकायत खनिज विभाग के उच्चधिकारियो से लेकर एसडीएम,थाना अभनपुर को सैकड़ो बार शिकायत कर चुके है लेकिन ठोस कार्यवाही के अभाव मे अवैध मुरूम उत्खनन पर रोक नही लग पाई जिसके चलते नयारायपुर के तीसरे लेयर मे स्थित अभनपुर नगर पालिका क्षेत्र की बेशकीमती समतल भूमि यहां पर फिल्टर प्लांट,कृष्णकुंज जैसे शासन की महत्वकांक्षी योजना संचालित है उक्त स्थल पर ही आउटडोर स्टेडियम खेल मैदान प्रस्तावित है इसके साथ ही अन्य विकास योजनाओ ▶▶|शेष पेज 10 पर

**खबर संक्षेप**

## पेंशनर समाज की बैठक आज

**नवापारा-राजिम।** पेंशनर समाज की बैठक 6 अक्टूबर को वार्ड नंबर 2 के पेंशनर भवन में 11 बजे आयोजित है, जिसमें इस माह में जन्म दिन वाले सदस्यों का जन्मदिन मनाया जायेगा, नए सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी एवं आगामी कार्यक्रमों पर विचार किए जाएंगे यह जानकारी कोषाध्यक्ष पवन यदु ने दी।

## बेलडीही में शरद पूर्णिमा आज

**रसेला।** ग्राम रसेला के पारा बेलडीही में 6 अक्टूबर को द्वितीय वर्ष शरद पूर्णिमा धूमधाम से मनाया जाएगा। शाम 7 बजे अतिथि स्वागत होगा। रात्रि 8 बजे श्रद्धा सुमन बालिका मानस मंडली चिगरमाल द्वारा मानस गान की प्रस्तुति दी जाएगी। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम मया के संदेश छतीसगढ़ी नाचा पार्टी खुडियाडीह (लोहझर) के द्वारा रात्रिकालीन कार्यक्रम 9 बजे शुभारंभ होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे जिला पंचायत सदस्य कृषि सभापति ▶▶|शेष पेज 10 पर


**कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स**

**NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549**

**एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित**

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं,12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**

**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

**प्रति,**

**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न नालेज एजुकेशन**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**

**कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स**

**महोदय,**

..........................................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..........................................
2. पिता/पति का नाम ..........................................
3. जन्मतिथि अंकों में ..........................................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..........................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..........................................
   मोबाइल नंबर ..........................................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..........................................
7. शैक्षणिक योग्यता ..........................................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : -** (1) आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।






प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### दीपावली पर बारिश का साया बाजारों में पसरी वीरानी व्यापारी और किसान चिंतित

**नवापारा-राजिम।** सबसे प्रमुख एवं बड़ा त्यौहार दीपावली अब 15 दिन शेष रह गया है परंतु लगातार हो रही बारिश ने व्यापारियों एवं किसानों की चिंता बढ़ा दी है। ऐन दीपावली के सीजन में बाजारों में वीरानी छाई हुई है। मुख्य सदर एवं गंज रोड में सड़के सुनी है। व्यापारियों को ग्राहकों का इंतजार है। जबकि विगत वर्षों में दशहरे के बाद से बाजारों में ग्राहकी बढ़ जाया करती थी। कपड़े एवं ज्वेलर्स की दुकानों में भी भीड़ कम ही दिखाई पड़ रही है। दीपावली से एक माह पहले रंग एवं पेंट की दुकानों में विगत वर्षों की तुलना में ग्राहक कम नजर आ रहे है। लोग झड़ी बरसात में घरों को रंग रोगन कराने से परहेज कर रहे है। इस बार दीपावली केवल साफ सफाई तक ही सीमित जान पड़ रहा है। मौसम ने व्यापारियों के साथ किसानों को परेशानी में डाल दिया है। विगत एक माह से अतिवृष्टि जैसे हालत निर्मित हो चुके है। फसलों में कीट प्रकोप बढ़ने से किसान खेती के कामों में व्यस्त हो गए है। तेज हवा एवं बारिश से बाली आ चुके फसल खेतो में ही सो गई है। चूंकि छत्तीसगढ़ का पूरा व्यापार व्यवसाय खेती किसानी पर आश्रित है। लिहाजा अतिवृष्टि का व्यापक नुकसान फसलों को होने से किसान बाजारों की ओर रुख नहीं कर रहे है।

### पंजाबी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 8 नवंबर को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा का 29वां पंजाबी युवक युवती परिचय सम्मेलन 8 नवंबर को पंजाब केसरी भवन, जोरा में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के साथ अन्य राज्यों से प्रतिभागी शामिल होंगे। सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना एवं मेरिज ब्यूरो सचिव प्रीतम अरोरा ने संयुक्त रूप से बताया कि सम्मेलन में भाग लेने के इच्छुक युवक या युवती के साथ उसके दो अभिभावक शामिल हो सकते हैं। दूर दराज क्षेत्रों से आने वालों के लिए रुकने और खान पान की व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की गई है। सम्मेलन में भाग लेने वालों के लिए पंजीयन शुरू हो गया है । वॉट्सएप एवं ऑन लाइन के द्वारा भी पंजीयन कराया जा सकता है। पंजाब केसरी भवन के मेरिज ब्यूरो का दूरभाष नंबर में फोन करके अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## निधन

### रामकुमार बांसकर

**राजिम।** स्थानीय वार्ड नं 17 संघर्ष चौक नयापारा राजिम निवासी रामकुमार बांसकर (नारी वाले) 58 वर्षीय का शुक्रवार को निधन हो गया। वे पूर्व में महासमुंद जिले के विधुत विभाग में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ थे। वर्तमान में वे कांकेर जिले में पदस्थ थे। वे सुधा बांसकर के पति थे। स्व यशवंत बांसकर, जवाहर बांसकर, पवन बाँसकर के भाई, चन्द्रप्रकास(बल्ला), पुणेश्वर, रजत के चाचा एव विनय, पुर्विष के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार नवापारा राजिम में विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों, नगर के गणमान्य नागरिक गण सहित सामाजिक जन बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## आयोजन : संघ नेतृत्व में राष्ट्र एक दिन नई ऊंचाई को प्राप्त करेगा

# संघ पर लोगों का विश्वास बढ़ा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नवापारा द्वारा संघ की शताब्दी वर्ष को लेकर रविवार को विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहकर अपने-अपने बस्ती में पथ संचलन किए।

- संघ की शताब्दी वर्ष पर नवापारा में हुआ भव्य पथ संचलन व विजयादशमी उत्सव

शताब्दी वर्ष में पथ संचलन के लिए पूरे नगर के 21 वार्ड को 4 बस्तियों में विभाजित किया गया था, जहां 4 अलग-अलग स्थान गायत्री माता शक्ति पीठ, माता कर्मा मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर व सामुदायिक भवन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। सर्वप्रथम ध्वजप्रणाम पश्चात स्वयंसेवको ने पथ संचलन किया। गणवेशधारी स्वयंसेवक पंक्ति बद्ध होकर अनुशासित होकर चल रहे थे, इस पथ संचलन का जगह-जगह चौक-चौराहो गलियों में फूलों की पंखुड़ियों से मातृशक्तियां व विभिन्न संगठनों व समाजसेवी परिवार द्वारा सम्मान किया गया। बस्ती क्र -1 गायत्री माता शक्ति पीठ में आयोजित बौद्धिक सत्र के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख नागेंद्र वशिष्ठ थे, वहीं अध्यक्षता-वरिष्ठ पत्रकार श्याम किशोर शर्मा कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता ने कहा कि विजयादशमी पर्व विजय का पर्व हैं, हम विजयोत्सव मना रहे है, यह न्याय व सत्य की विजय का पर्व है। कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पर पराजित नही। सत्य का विजय सुनिश्चित होता हैं। श्री वशिष्ट ने कहा कि राष्ट्र हमारे लिए प्रथम है। आध्यात्मिक धर्म के आधार पर दिग्विजयी राष्ट्र खड़ा करेंगे। हर समाज एक है समरसता लाएंगे। हर घर से एक स्वयंसेवक बनाएंगे। 100 साल ,शताब्दी वर्ष एक पड़ाव है आगे भी संघ के लोग समाज को न्याय दिलाने का काम करते रहेंगे। कहा कि संघ किसी का विरोध नही करता है। कलयुग में संघ की शक्ति ही विजेता होगा। न्याय का राज्य कायम करने के लिए प्रतिबद्ध है। खुद कष्ट उठाकर दूसरो की भलाई करना संघ का परम कर्तव्य है। संघ गरीबो का,वंचितो का,दलितो का सेवा भी करेगा। इसके साथ ही राज्य और देश को भी संभालेगा। श्री वशिष्ट ने कहा कि सत्य का विजय पाने के लिए कीमत चुकानी पड़ती है। कीमत चुकाने वाला व्यक्ति ही स्वयंसेवक बनता है। हमारा गुरू भगवाध्वज है। उन्होंने संघ और स्वयंसेवक पर अपना बौद्धिक केंद्रित करते हुए स्वयंसेवको को संकल्पित व आत्मनिर्भर बनने की बात कही.। संघ सभी धर्मो का पालन करता हैं। संघ में शस्त्र और शास्त्र दोनों का पालन होता है। स्वयंसेवक समाज के लोगो के सर्वांगीण विकास हेतु तन मन धन के साथ समर्पण की भावना लेकर काम कर रहा हैं। शाखा स्वयंसेवक का प्राण होता है। देश की प्राथमिकता ही संघ की प्राथमिकता हैं। संघ के लिए राष्ट्र प्रथम होता हैं.उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवक सहित आमजनों से नागरिक अधिकारो की जगह नागरिक कर्तव्य का पालन करने की बात कही।





### सब को साथ लेकर चलना संघ का काम

अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा ने कहा कि 1925 में हेडगेवार ने जो बीज रोपा था आज वह एक विशाल वृक्ष का रूप ले चुका है। संघ ने यह मुकाम कठिन मेहनत व परिश्रम से पाया हैं। संघ का काम केवल शाखा तक सीमित नहीं है। आज यह हर क्षेत्र में काम करते दिखते हैं। संघ के स्वयंसेवक की अनुशासन भी बहुत सीख भरी होती हैं। समाज के लिए काम करना, सब को साथ लेकर चलना संघ का काम है। संघ पर लोगों का विश्वास बढ़ा हैं निश्चित रूप से संघ के नेतृत्व में राष्ट्र एक दिन नई ऊंचाई को प्राप्त करेगा। कार्यक्रम का आभार नगर संघ सह संचालक डॉ. केआर सिन्हा ने किया। उन्होंने सहयोग के लिए गायत्री माता शक्ति पीठ, पुलिस प्रशासन, उपस्थित गणमान्य नागरिक व स्वयंसेवको का आभार जताया। कार्यक्रम में बस्ती पालक प्रदीप मिश्रा, बस्ती प्रमुख भूपेंद्र सोनी, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, विशेसर हिरवानी, कैलाश तिवारी, धरम साहू, चंदन साहू, रेणुका तिवारी, नीता धीवर, डॉ. उमा गुप्ता, पदमिनी सोनी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष के लिए दावेदारों की लंबी फहरिस्त

## जोर अजमाइश शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 03 अक्टूबर से शुरू किए गए संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत अब नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने इसके लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। गरियाबंद जिले के लिए राजस्थान की पूर्व राज्यमंत्री रेहाना रियाज चिश्ती को प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला प्रभारी रेहाना रियाज चिश्ती 09 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक गरियाबंद जिले के मैनपुर, अमलीपदर, देवभोग, छुरा, एवं फिंगेश्वर पहुंचकर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगी। उनकी यात्रा के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और अन्य जिलों में रायशुमारी के दौर के बीच, गरियाबंद जिले में भी संगठनात्मक नियुक्ति और चुनाव की सुगबुगाहट तेज हो गई है। संगठन चुनाव के फ्रेम में फिट होने के लिए जिले के कई दिग्गज नेता अभी से ही सक्रिय हो गए हैं, जिससे जिले की विभिन्न गुटों में बंटी कांग्रेस में जिला अध्यक्ष पद के लिए सियासी माहौल गरमा गया है। दावेदार अभी से मैनपुर, देवभोग, अमलीपदर, छुरा, फिंगेश्वर तक पहुंचकर कार्यकर्ताओं और नेताओं से संपर्क साधने में जुट गए हैं। कुछ नेता अपने पुराने कार्यकाल के अनुभव और जनाधार का हवाला दे रहे हैं, तो कुछ युवा चेहरे बदलाव और नई ऊर्जा को तर्क के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। लगभग सभी दावेदारों ने पर्यवेक्षकों के सामने अपनी दावेदारी पेश करने के लिए राजनीतिक अनुभव, पार्टी में सक्रियता व अन्य कार्यों का बायोडाटा तैयार कर लिया है।





**जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को मिलेगा मौका-** ज्ञात हो कि इस बार कांग्रेस संगठन चुनाव को लेकर एआईसीसी ने स्पष्ट कर दिया है कि जो जमीनी स्तर पर संगठन के लिए कार्य कर रहे हैं, ऐसे लोगों को ही संगठन में जगह दी जाएगी। यही वजह है कि पर्यवेक्षक ब्लॉक स्तर तक जाकर जमीनी कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे और संगठन की गतिविधियों की जानकारी लेंगे। जानकार सूत्रों के अनुसार, अभी कुछ और सक्रिय नेताओं के नाम जिला अध्यक्ष की दौड़ में शामिल हो सकते हैं, जिसके लिए संगठन के भीतर हलचल दिखाई दे रही है। पर्यवेक्षक 09 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक जिले के दौरे पर रहेंगे।

### ये नाम हैं दौड़ में शामिल

मिली जानकारी के अनुसार, गरियाबंद जिले से कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए वर्तमान जिला अध्यक्ष भावसिंह साहू, शैलेन्द्र साहू, युगल पाण्डेय, भवानी शंकर शुक्ल, बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से पहली बार सुकचंद बेसरा एवं युवा नेता नीरज ठाकुर का नाम प्रमुखता से सामने आया है। इनमें से कई दावेदार मैनपुर और देवभोग तक पहुंचकर कार्यकर्ताओं को अपने पक्ष में साधते दिखाई दिए हैं। गरियाबंद में जिला कांग्रेस के गठन के बाद यह पहली बार है जब बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से जिलाध्यक्ष पद के लिए मजबूत दावेदारी पेश की जा रही है। इसके पीछे तर्क यह दिया जा रहा है कि 15 साल बाद इस क्षेत्र के कांग्रेसियों ने भाजपा के अभेद किले को भेदने में सफलता प्राप्त की है और जनक ध्रुव को विधायक बनाया है। क्षेत्र के कई कांग्रेसियों का कहना है कि संगठन को मजबूत करने और विधानसभा चुनाव की जीत को बरकरार रखने के लिए बिन्द्रानवागढ़ के दावेदार को एक बार अवसर दिया जाना चाहिए।

# बिरनपुर मामले की सीबीआई चार्जशीट ने भाजपा का काला चेहरा किया उजागर

## सीबीआई की चार्जशीट से साफ बिरनपुर मामले में भाजपा ने सांप्रदायिक और जातीय कार्ड खेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



महासमुंद के पूर्व विधायक सेवन चंद्राकर ने रेस्टहाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में बिरनपुर मामले को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सीबीआई द्वारा विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल करने और उसके तथ्य सार्वजनिक होने से यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा ने इस मामले का चुनावी लाभ लेने के लिए राजनीतिक साजिश रची थी। पूर्व विधायक चंद्राकर ने कहा कि सीबीआई की चार्जशीट में घटना का विस्तृत विवरण दिया गया है। उनकी विवेचना में यह साफ हुआ है कि यह घटनाक्रम दो बच्चों के मामूली झगड़े से शुरू होकर दो परिवारों तक पहुंचा और बाद में दो समुदायों का झगड़ा बन गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सीबीआई ने अपनी जाँच में यह भी पाया कि इस घटना में कोई राजनीतिक षड्यंत्र नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने जानबूझकर जाँच के बिंदुओं को इस तरह तय किया था कि घटना के बाद के राजनीतिक षड्यंत्र की जांच न हो, अन्यथा भाजपा बेनकाब हो जाती।

**भाजपा पर झूठे आरोप लगाने का आरोप-** सेवन चंद्राकर ने कहा कि सीबीआई की चार्जशीट से यह साफ हो गया कि उस समय भाजपा ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार और पार्टी पर जो आरोप लगाए थे, वे झूठे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने घटना को सांप्रदायिक और जातीय रंग देकर राजनीतिक लाभ लेने की साजिश रची थी। उन्होंने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान उपमुख्यमंत्री अरुण साव पर निशाना साधते हुए कहा कि साव ने घटना के बाद वहाँ जाकर पूरे घटनाक्रम को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया और इसमें वे सफल भी रहे। चंद्राकर ने आरोप लगाया कि अरुण साव जब घटनास्थल गए थे, तब उनके सामने आगजनी की गई थी और उन्होंने वहां भड़काऊ भाषण भी दिए थे।

**प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पर भी साधा निशाना-** पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा ने इस मामले को लेकर एक समाज को कांग्रेस के खिलाफ भड़काने का प्रयास किया और विधानसभा चुनाव में भी पूरे प्रदेश में इस झगड़े को सांप्रदायिक रंग दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तक सभी ने अपनी चुनावी सभाओं में इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को धार्मिक और जातीय झगड़े से जोड़कर प्रस्तुत किया। उन्होंने भाजपा द्वारा मृतक भुवनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू को टिकट दिए जाने को भी सहानुभूति बटोरने की साजिश बताया। चंद्राकर ने कहा कि सीबीआई की जाँच से यह भी साफ हो गया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने घटना के लिए जिम्मेदार मानकर जिन लोगों की गिरफ्तारियाँ की थीं, वह सही थीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण का झूठा और मनगढ़ंत आरोप लगाया था। उन्होंने बताया कि ईश्वर साहू अपने बयानों में जिस व्यक्ति अजोर यदु पर आरोप लगाते थे, उसे भी सीबीआई ने दोषी नहीं माना है, जिसका उल्लेख चार्जशीट में नहीं है। इससे साफ है कि बिरनपुर मामला भाजपा की सोची-समझी साजिश थी।

### बाढ़ का पानी उतरा, फसल खेतों में सो गई

**नवापारा-राजिम।** शनिवार का दिन बड़ा उथल-पुथल रहा। 7 गांव के सैकड़ों किसानों ने नवापारा-कुरूद हाइवे पर चक्काजाम किया था। इन सातों गांव दुलना, कठौली, पटेवा, धूमा,परसट्ठी, नारी और मौरीकला के करीब 700 एकड़ खड़ी फसल में महानदी की बाढ़ की धार प्रवेश कर लिया था। इस बाढ़ से किसानों को काफी नुकसान होने का अंदेशा लगाया जा रहा है। रविवार को बाढ़ का पानी खेतों से उतर चुका है। एक बड़े रकबे में धान की फसल खेतों में ही सो गई है। प्रशासनिक स्तर पर सर्वे का काम जब शुरू होगा तब सही आंकलन सामने आएगा। बहरहाल क्षेत्र के किसान अपनी फसल को देखकर आंसु बहाने के लिए मजबूर हो गए है। ये तस्वीर दुलना गांव के हेमंत साहू, योगेंद्र साहू, असंग साहू के खेतों का है। कमोवेश यहीं हालात सभी किसानों का दिख रहा है।



## पेज 9 के शेष...

### बेलडीही में शरद...

लेखराज ध्रुवा, अध्यक्षता रूपादेवी ठाकुर सरपंच, विशेष अतिथि के रूप में सुखराम ठाकुर जनपद सदस्य, परमेश्वर यादव उपसरपंच, बिगेन्द्र ठाकुर पूर्व सरपंच, लोकराम यादव ग्राम पटेल, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, इकबाल मेमन, संतराम नेताम, डॉ. चिराग अली, भावसिह मरकाम, नदुदास मानिकपुरी, धनीराम यादव, कृष्णा चक्रधारी अध्यक्ष व्यापारी संघ, नरेश्वर यादव शिक्षक, देवलाल यादव शिक्षक, पंच मालती मारकण्डे, कुबेर बारिक, कमलेश्वर नायक, देवलाल बारिक, शंकर कुर्रे, भानुप्रताप लहरें सहित आमंत्रित अतिथियों मंच पर विराजमान होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त बेलडीही पारा वासियों तन मन धन से जुटे हुए हैं।

### अवैध मुरुम ...

के लिए यह भूमि आरक्षित रखी गई है। इस संबंध मे नगर पालिका अभनपुर के सीएमओ द्वारा 20 अगस्त को एसडीएम,तहसीलदार व थाना प्रभारी को नगर पालिका के लिए सुरक्षित भूमि पर किये जा रहे अवैध उत्खनन पर रोक लगाने लिखित शिकायत की गई थी इसके बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नही की गई जिसके चलते नगर पालिका की समतल बेशकीमती भूमि को खाई मे तब्दील कर दिया गया। अभनपुर क्षेत्र अवैध उत्खनन का सबसे सुरक्षित स्थान मानकर मुरूम माफिया बेखौफ होकर पूरी रात मुरूम उत्खनन किया जा रहा है इस कार्यवाही से मुरूम माफियाआ मे भारी हडक्रंप मचा हुआ है वही आम जनता इस कार्यवाही से अवैध उत्खनन पर नियंत्रण होन की उम्मीद की जा रही है वही खनिज विभाग व स्थानीय प्रशासन के निष्क्रिय रवैये को मुरूम उत्खनन का कारण माना जा रहा है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

आज दशगात्र

जन्म
01-09-1957



स्व.दिनांक
27-09-2025

स्व. लखनलाल साहू

अत्यंत ही दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति लखन लाल साहू (सेवानिवृत शिक्षक) का आकस्मिक निधन 27.9.2025 दिन शनिवार को हो गया है।विधि के विधान के सामने हम सभी नतमस्तक हैं। इस दुख की बेला पर मृत आत्मा की शांति एवं श्रद्धांजलि को लेकर आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

कार्यक्रम
दशगात्र- 06.10.2025 सोमवार
स्थान- फिंगेश्वर वार्ड नंबर 13 सामुदायिक अस्पताल के पीछे
तालाब कार्यक्रम - दोपहर 12 बजे

शोकाकुल :-
जगदीश राम,चिंतराम,माखनलाल,चरण
नेतराम धमेन्द्र , कृष्ण कुमार,परमेश्वर, मुकेश
योगेन्द्र,एनसिंग,दवेश, युवराज,वासुदेव
अविभब्बू एवं समस्त साहू परिवार फिंगेश्वर


विनीत:
श्रीमति सत्यभामा साहू (पत्नि)
तरुण कुमार साहू (पुत्र)
श्रीमति स्नेहा साहू (पुत्र वधु )

नोट- जिस सज्जन को यदि आमंत्रण नहीं मिला हो तो इसे ही आमंत्रण स्वीकार करने की कृपा करेंगे।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH

## 15 वर्षों से आपकी सेवा में



# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567**

## खबर संक्षेप

### नकली कीटनाशक दवाइयों की बाढ़, किसान परेशान : धनेंद्र

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कहा है कि प्रदेश भर में इस समय बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशक दवाइयों की खुलेआम बिक्री हो रही है। हालात इतने भयावह हो गए हैं कि लगभग सभी प्रकार की दवाइयाँ नकली या मिलावटी साबित हो रही हैं। इसके कारण फसलों में फैल रही बीमारी और कीटों का प्रकोप कम नही होकर के लगातार बढ़ता जा रहा है। किसानों द्वारा बार-बार दवाइयों का छिड़काव करने के बावजूद फसलों



पर कोई असर नहीं दिख रहा है। बीमारियाँ नियंत्रण में नहीं आ पा रही हैं और फसलें बर्बादी के कगार पर पहुँच गई हैं। श्री साहू ने कहा कि वर्तमान समय में फसलें दूधिया अवस्था में हैं, यानी फसल पकने का दौर शुरू हो चुका है। यह वह समय है जब किसान पूरे वर्ष भर किए मेहनत का फल पाने की उम्मीद में रहता है, लेकिन अब किसान गहरी चिंता और निराशा में डूबे हैं। कहा कि किसानों ने प्रति एकड़ 8 से 10 हजार रुपये तक की लागत सिर्फ कीटनाशक दवाइयों में खर्च की है। लेकिन दवाइयाँ नकली होने के कारण उनका कोई असर नहीं दिख रहा है, जिससे बीमारियाँ लगातार फैल रही हैं। नतीजतन, किसान न केवल अपनी पूंजी खो रहे हैं बल्कि अब फसल का लागत मूल्य निकलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जब किसान अपनी शिकायत लेकर कृषि विभाग के पास पहुँच रहे हैं, तो अधिकारी किसानों का पक्ष न लेकर व्यापारियों की पैरवी कर रहे हैं। फील्ड निरीक्षण और सैंपल जांच की बजाय अधिकारी किसानों को ही दोषी ठहराने में जुटे हैं। यह कहा जा रहा है कि किसान दवाइयाँ कम मात्रा में डाल रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि किसान बार-बार छिड़काव कर रहे हैं लेकिन नकली दवाइयों के कारण कोई परिणाम नहीं मिल रहा। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार की पूरी व्यवस्था और मिशनरी विफल हो चुकी है। सरकार न तो नकली दवाइयों की रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम उठा रही है, न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई कर रही है।

### आरएसएस ने शस्त्र पूजा कर पथ संचलन किया

**अभनपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अभनपुर खंड के तत्वावधान में रविवार को गायत्री मंदिर परिसर में शस्त्र पूजा, बौद्धिक एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ललित शर्मा एवं मुख्य वक्ता के रूप में कबीर पंथी समाज के पंथ गुरु देवकर साहेब उपस्थित रहे।

**समस्या :** हाथियों का दल तीन हिस्सों में बंटा, दिन में भी खेतों पर धावा, सैकड़ों एकड़ फसल तबाह

# हाईवे जाम, हाथियों के दल ने रोका रास्ता विभाग के पास बचाव सुविधा का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर के नजदीक पिछले एक माह से 22 से 25 हाथियों का दल डेरा डाल दिया है और तो और नेशनल हाईवे के ऊपर लगातार हाथियों का दल पहुंच रहा है। रविवार को सुबह 06 बजे हाथियों का दल नेशनल हाईवे को एक घंटे तक जाम कर दिया था तो वहीं दोपहर 02 बजे फिर हाथियों के दल ने नेशनल हाईवे के उपर पहुंच गया जिससे एक दिन में 02 बार हाथियों का दल नेशनल हाईवे को जाम करने से लोगों में भारी दहशत देखने को मिल रही है। मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे मार्ग काफी चहल पहल मार्ग है और इसमें दोपहिया वाहन से लेकर बड़े वाहनों में रातभर राहगीरों का आवगमन लगा रहता है ऐसे में ग्रामीण दहशत में है कि कभी कोई बड़ी घटना न घट जाए। वहीं गरियाबंद वनमंडल के स्थानीय वन परिक्षेत्र के पास हाथियों के दल से बचाव के लिए कोई ठोस कार्ययोजना दिखाई नहीं दे रही है न ही ड्रोन कैमरा भी नहीं है और तो और हाथियों के गांव में पहुंचने से पहले जानकारी देने के लिए विभाग के पास कोई तकनीकी सुविधा भी दिखाई नहीं दे रही है हालांकि वन विभाग के स्थानीय अधिकारी/कर्मचारी हाथी मित्रदल के सदस्य लगातार सुबह से देर रात तक हाथी प्रभावित ग्रामो में पहुचकर लोगो को हाथी आने की सूचना माईक के माध्यम से दे रहे है।

**कोयलीबेड़ा में हाथियों ने कच्चे मकानों में किया तोड़-फोड़-** क्षेत्र कोयलीबेड़ा में महज 08 से 10 घरों के लोग निवास करते है और यहां हाथियों का दल बीते रात पहुंचकर लगभग 04 किसानों के कच्चे मकान को बुरी तरह तोड़फोड कर दिया है। इस ग्राम के ग्रामीणों में भारी डर और दहशत देखने को मिल रही है। रिपुसुदन ने बताया कि इसकी जानकारी देने के बाद भी वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी अब तक गांव में हालचाल जानने नहीं पहुंचे हैं। वहीं छिन्दौला निवासी रूपबती कमार महिला के मकान को भी हाथियों ने जमकर तोड़फोड किया है और तो और इस मार्ग में आने -जाने वाले लोग दहशत में आना -जाना कर रहे है। जीवन राठौर ने बताया कि रात 07 बजे वे लेडीबहार से आ रहे थे कि हाथियों का दल सड़क के ऊपर खड़ा था हाथियों के दल को देखकर जान बचाने के लिए पेड़ पर चढ़ गया और जब हाथियों का दल आगे बढ़ा तो उन्होने जान बचाकर घर पहुंचा।





#### हाथियों का दल 03 भागों में बटा

मैनपुर वन परिक्षेत्र में हाथियों का दल ग्राम दबनई, छिन्दौला, लेडीबहार, लूठापारा, डडईपानी, फरसरा, कोयलीबेड़ा, गिरहोला, सिहार, जिडार, बुढ़ार देहागुड़ा, गोपालपुर, तुपेंगा, कोदोभाठ, सालहेभाठ के आसपास ग्रामों में पहुंचकर सैकडों एकड़ धान और मक्का के साथ दलहन, तिलहन की फसल को जमकर नुकसान पहुंचा रहे हैं जिसके कारण ग्रामीण अब अपने फसलों की सुरक्षा से हाथ खड़े कर दिए हैं क्योंकि किसी भी समय हाथियों का दल कोई भी गांव में पहुंच जा रहा है। दबनई से छिन्दौला, आमामोरा जाने वाला मुख्य मार्ग में तो हाथियों का दल 24 घंटा नजर आ रहा है क्योंकि हाथियों का दल तीन भागों में बट गया है एक नेशनल हाईवे के आसपास तो दूसरा दल फरसरा, छिन्दौला के आसपास और तीसरा दल तुपेंगा के क्षेत्र में जमकर उत्पात मचा रहा है, किसान और क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी डर और दहशत के साथ अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।



**नेशनल हाईवे में वन विभाग के अफसरों की टीम-** आज हाथियों का दल नेशनल हाईवे को जाम किया तो इसकी जानकारी लगते ही गरियाबंद वनमंडल के जंगल क्षेत्र में लोगों की सुरक्षा के लिए उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के एसडीओं श्री दर्रो के साथ पुरा टीम पहुंचा हुआ था और अपने क्षेत्र के ड्रोन कैमरा लाकर हाथियों के पल पल की लोकेशन की जानकारी देते रहे।

**गांव में लगाए गए सायरन बंद पड़े हैं-** हाथी प्रभावित इन ग्रामों में वन विभाग ने हाथी आने से पूर्व लोगों को सूचना देने के लिए सायरन लगाया गया है लेकिन यह सायरन पिछले 05 से 06 वर्षों से खराब पड़ा हुआ है जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा किये जाने के बाद भी अब तक सुधार नहीं किया गया है, लूठापारा, धोबीपारा में लगे सायरन बंद पड़े हैं।

**90 किसानों के लगभग 200 एकड़ फसल बर्बाद-** वन विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र मैनपुर में हाथियों के दल ने पिछले एक माह में 90 किसानों के 200 एकड़ से ज्यादा फसलों को बर्बाद किया है। प्रति एकड़ 9 हजार रूपये के हिसाब से किसानों को मुआवजा राशि प्रदान किया जा रहा है।

**वन विभाग पर भड़के विधायक-** बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि वन परिक्षेत्र मैनपुर में पिछले एक से डेढ माह से हाथियों का दल आंतक मचा रहा है वनमंडल गरियाबंद के पास हाथियों के गांव में पहुंचने से पहले ग्रामीणों के बचाव के लिए तकनीकी सुविधा नहीं है और तो और नेशनल हाईवें में हाथी पहुंच रहा है इसकी जानकारी विभाग को आम जनता के माध्यम से लग रही है। श्री ध्रुव ने कहा कि वन विभाग द्वारा जो मुआवजा राशि दिया जा रहा है वह ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। किसानों को प्रति एकड़ 70 हजार रुपए मुआवजा राशि दिया जाना चाहिए और पूरे संसाधन उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि हाथी प्रभावित ग्राम के लोग सुरक्षित रह सके। श्री ध्रुव ने कहा कि इस मामले की शिकायत वनमंत्री केदार कश्यप से करूंगा।

**सूचना दे रहे हैं-** वन विभाग के डिप्टी रेंजर दानेश्वर चन्द्राकर ने बताया कि अब तक लगभग 80 किसानों के सैकडों एकड़ फसल को हाथियों द्वारा नुकसान पहुंचाया गया है। साथ ही मकानों को क्षति पहुंचाया गया है। वन विभाग का अमला और हाथी मित्रदल बारिश में भी देर रात तक ग्रामीणों को सुरक्षित रखने हर संभव सूचना दे रहे हैं।

## आज मनाई जाएगी शरद पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में इस वर्ष शरद पूर्णिमा का पर्व 6 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि आज सोमवार को पड़ रही है। शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणें अमृत के समान होती है। यही कारण है कि इसे धार्मिक, आध्यात्मिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन लोग खीर बनाकर खुले आसमान के ऊपर रख देते हैं और सुबह प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा भी कहते हैं। कोजागरी का अर्थ है ' कौन जाग रहा है। मान्यता है कि इस रात मां लक्ष्मी धरती पर भ्रमण करतीं हैं और देखतीं हैं कि कौन जागरण कर पूजा कर रहा है। पौराणिक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के समय देवी लक्ष्मी के प्राकट्य उत्सव के रूप में मनाया



■ खुले आसमान में रखी जाएगी खीर

जाता है। शरद पूर्णिमा की रात खीर बनाना और उसे खुले आकाश में चन्द्रमा की रोशनी में रखना एक प्राचीन परंपरा है। ऐसा करने से खीर में औषधीय गुण भर जाते हैं और इसे खाने से स्वास्थ्य लाभ होता है। माना जाता है कि खीर का सेवन अगले दिन सुबह स्नान आदि के बाद करने से स्वास्थ्य, शक्ति और ऊर्जा बढ़ती है। खासकर सांस की बीमारियों और अन्य रोगो में इसका सेवन फायदेमंद माना जाता है। पंडित गोलू शर्मा ने बताया कि इस साल शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर को दोपहर 12.23 बजे प्रवेश करेगी और 7 अक्टूबर की सुबह 9.16 बजे तक रहेगी। इसी दिन देर शाम मां लक्ष्मी की पूजा होगी। बंगाली समाज में यह पूजा बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ घर घर होती है। पूजा में धान की बाली,ईख, ताड़ के फल से निकला खूजा, नारियल और अन्य प्राकृतिक सामग्री का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार शरद पूर्णिमा की रात केवल धार्मिक या आध्यात्मिक महत्व की नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और पारिवारिक खुशहाली के लिए भी बेहद खास है। इस रात जागरण करना, मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा करना और चन्द्रमा की रोशनी में खीर रखना एक ऐसा सरल उपाय है जिससे घर में सुख शांति और समृद्धि आती है। लोग मानते हैं कि इस रात का प्रकाश अन्य दिनों की तुलना में अधिक पवित्र और शक्तिशाली होता है।

## रसेला में उत्साह और उमंग के साथ मना दशहरा, आतिशबाजी से गूंजा आसमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में इस वर्ष बारिश के चलते पारंपरिक दशहरा पर्व द्वादशी के दिन शनिवार को आतिशबाजी के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। यह पर्व रावण पर राम की विजय अर्थात आसुरी शक्तियों पर सात्विक शक्तियों की विजय, और बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। दशहरा का धार्मिक महत्व होने के साथ-साथ यह देश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय एकता का प्रतीक भी है। इस पर्व का मुख्य उद्देश्य अपने जीवन में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को अपनाना और अपनी दसों इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर जितेंद्रिय बनने का प्रयास करना है। सही अर्थों में,



दशहरा अपने भीतर छिपे दुर्गुणों रूपी रावण को मारकर तमाम अवगुणों पर विजय प्राप्त करने का शुभकाल है। क्षेत्र में दशहरा पर्व को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। रसेला में कलाकारों द्वारा विशालकाय 25 फीट रावण का पुतला बनाया गया था, जिसका दहन रंग-बिरंगी आतिशबाजी के साथ किया गया।



#### राम-रावण युद्ध का मंचन

पुतला दहन से पूर्व मैदान में वरिष्ठ कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। इसे देखने के लिए दूर-दूर से हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंचन में राम-रावण युद्ध, अहिरावण, हनुमान संवाद, मेघनाथ-लक्ष्मण और कुंभकर्ण-राम युद्ध जैसे प्रसंगों को जीवंत किया गया। अंत में, लंकापति रावण स्वयं युद्ध करने के लिए मैदान में आए। राम व रावण के बीच भयंकर युद्ध हुआ और मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने अग्नि बाण चलाकर बुराई के प्रतीक दसानन रावण को धराशाई किया। रावण दहन होते ही आसमान आतिशबाजी की छटा और 'श्रीराम के जयकारों' से गूंज उठा। इस सफल आयोजन में जागृति नवयुवक मंडल के सभी पदाधिकारी व सदस्यगण के साथ ग्रामवासियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## शिक्षक यादव ने जन्मदिन पर किया छायादार पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

ग्राम पंचायत रजनकटा के वरिष्ठ नागरिक श्री खेमलाल यादव शिक्षक (प्रधान पाठक) द्वारा शीतला तालाब पार में छायादार एवं फलदार बरगद, पीपल, आंवला, आम, नीम, बेल, गुलमोहर, नीबू का पेड़ लगाकर अपने जन्मदिन को यादगार बनाया। चूकिं लोग अपने-अपने जन्मदिन को विशेष यादगार बनाने के लिए अलग-अलग पहल करते है, लेकिन पेड़ लगाकर समाज को यह संदेश दिया जा सकता है। अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर श्री यादव



जी ने लोगों पेड़ लगाकर समाज को पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे एक कदम आगे आने और पर्यावरण संरक्षण के लिए आग्रह किया। इस शुभ अवसर पर श्री यादव जी के साथ ग्राम के वरिष्ठ नागरिक जगत राम साहू (सेवानिवृत व्याख्याता), ग्राम पटेल ओंकार साहू, पूर्व सरपंच किशन कंडरा (महामंत्री भाजपा मंडल गरियाबंद), गणेश राम साहू, ग्राम साहू समाज अध्यक्ष डॉ. श्रमण साहू, हीरालाल साहू सैनिक रेखराम साहू उपस्थिति रहें। इस शुभ अवसर पर जन्मदिन की बधाई देने वालों मे गणपत राम साहू, चेतन साहू, उमा साहू, हिमांशु, सुमित, चूडामनी, लक्ष्मीकांत यादव, वेद प्रकाश यादव, सुरेश, योगेंद्र एवं जान्हवी, यादव, लक्षिता यादव, टिक्कू बिटटू आदि लोगों ने जन्मदिन कीशुभकामनाए दीं।

## विजयादशमी पर्व पर स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयादशमी उत्सव का आयोजन फिंगेश्वर में बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य पथ संचलन निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। यह पथ संचलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की परंपरा और अनुशासन का प्रतीक रहा। उत्सव में आसपास के कई ग्रामों से सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर उत्तर माध्यमिक विद्यालय बालाजी समिति के अध्यक्ष रामू राम साहू ने भी उपस्थित होकर पथ संचलन में भाग लिया। विजयादशमी उत्सव में भोपेंद्र



साहू मुख्य वक्ता के रूप में, और डॉक्टर गयाराम सेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख स्वयंसेवकों और पदाधिकारियों में रामू राम साहू, भागवत हरित, जिला संघचालक प्रेम साहू, खंड संघ चालक अशोक साहू, ओम प्रकाश यादव, कार्तिक हरित, राजू साहू, दीपक शुक्ला, मनीष हरित, उत्तम राजवंशी और मिंजून साहू शामिल थे।

**आयोजन :** स्वयंसेवक संघ ने नगर में निकला भव्य पथ संचलन

## संघ केवल संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की है चेतना : चंद्रशेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयादशमी पर्व का आयोजन नगर में बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों ने अनुशासनबद्ध होकर भव्य पथ संचलन निकाला। परंपरागत गणवेश में सजे स्वयंसेवक भारत माता की जय और अन्य देशभक्ति के नारे लगाते हुए नगर भ्रमण पर निकले। पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों का नगर के विभिन्न मार्गों और चौराहों पर स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर और गर्मजोशी से स्वागत किया। देशभक्ति के गीतों और घोष वादन से पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से गूंज उठा। पथ संचलन के पश्चात मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत शस्त्र पूजन की पवित्र परंपरा से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिरकट्टी आश्रम के महंत गोवर्धन शरण व्यास, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक बंशी लाल तारक, एवं मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र भोपाल से पधारे चंद्रशेखर वर्मा (अर्चक पूजन) थे। मंचासीन अतिथियों के साथ खण्ड संघचालक ओमप्रकाश यादव एवं संघ के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।





#### संघ राष्ट्र निर्माण की चेतना : वर्मा

मुख्य वक्ता चंद्रशेखर वर्मा ने संघ की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि संघ ने किस प्रकार समाज के हर वर्ग में संगठन, सेवा, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना को दृढ़ किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की चेतना है, जिसने भारत के सांस्कृतिक मूल्यों को जीवंत बनाए रखा है। महंत गोवर्धन शरण व्यास ने अपने आशीर्वचन में संघ के कार्यकर्ताओं को अनुशासन, निष्ठा और सेवा भावना का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि आज के युग में संघ जैसे संगठनों की महती आवश्यकता है, जो समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने का कार्य कर रहे हैं। वक्ताओं ने आगामी वर्षों के लिए संघ के संकल्पों पर भी चर्चा की, जिसमें समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए शिक्षा, सेवा, स्वावलंबन, संस्कार और संगठन के क्षेत्र में विस्तार का लक्ष्य रखा गया। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित स्वयंसेवकों और नागरिकों द्वारा एक साथ मिलकर प्रार्थना गाने और 'भारत माता की जय' के जयकारों के साथ हुआ, जिससे कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। यह विजयादशमी आयोजन नगरवासियों के लिए प्रेरणादायक रहा, जिसमें राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और समाज सेवा की भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411